## संपादकीय

# यही वाजिब सवाल है

कानून के राज का सिद्धांत सभ्यता के विकास के साथ प्रचलन में आया, जिसकी बुनियादी मान्यता है कि कानून सबसे ऊपर है और कानून की निगाह में सभी बराबर हैं। प्रश्न यही है कि क्या नूंह में इस सिद्धांत का पालन हुआ है?

पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने हरियाणा के नूंह में मुसलमानों के घर बुल्डोजर से ध्वस्त करने की कार्रवाई पर रोक लगाते हुए यह अहम सवाल पूछा कि क्या एक समुदाय विशेष के मकानों को ढाह कर "सरकार इथनिक क्लीजिंग" कर रही है? इस शब्द का संदर्भ बड़ा है। यह शब्द नाजी जर्मनी के समय प्रचलित हुआ था, जब हिटलर की सत्ता ने यहूदियों के सफाये का अभियान छेड़ा था। आज के भारत में किसी सवैधानिक न्यायालय को ऐसा प्रश्न पूछना पड़ा है, तो यह हम सबके लिए विचारणीय है कि क्या हालात सचमुच इस मुकाम तक पहुंच चुके हैं? मीडिया रिपोर्टों से साफ है कि नूंह के दंगे में दोनों समुदायों के हिंसक तत्वों ने भागीदारी की। लेकिन बुल्डोजर की कार्रवाई एक समुदाय विशेष के मकानों पर हुई है।

उसमें एक दर्दनाक कहानी तो एक ऐसे व्यक्ति की सामने आई है कि जिसने असल में तीन हिंदुओं को अपने घर में छिपा कर उनकी जान बचाई थी। लेकिन बुल्डोजर ने उसके घर को भी नहीं बख्शा, जबकि हिंदू समुदाय के जिन लोगों को वहां संरक्षण मिला था वे पुलिस के सामने गुहार लगाते कि संबंधित व्यक्ति का दंगे में कोई भूमिका नहीं थी, बल्कि उसने अपने घर में आए हिंदुओं की आवभगत करते हुए उनकी जान बचाई। जब ऐसी घटनाएं हो रही हों, तब सवैधानिक सोच वाले किसी व्यक्ति के मन में वैसा सवाल उठना लाजिमी हो जाता है, जो अब हाई कोर्ट ने पूछा है।

वैसे भी बुल्डोजर न्याय कानून के राज और इंसाफ के तमाम आधुनिक सिद्धांतों का खुला उल्लंघन है। इन सिद्धांतों के मुताबिक कार्यपालिका और पुलिस खुद यह तय नहीं कर सकती कि कौन दंगाई या दोषी है? उनका काम अभियोग लगाना है, जिस पर कोर्ट कानून में तय प्रावधानों के मुताबिक निर्णय देता है। इसीलिए बुल्डोजर न्याय असल में कानून के राज को ध्वस्त कर रहा है। कानून के राज का सिद्धांत सभ्यता के विकास के साथ प्रचलन में आया, जिसकी बुनियादी मान्यता है कि कानून सबसे ऊपर है और कानून की निगाह में सभी बराबर हैं। प्रश्न यही है कि क्या नूंह में इस सिद्धांत का पालन हुआ है?

# रिजर्व बैंक ने 2023-24 के लिए जीडीपी वृद्धि के अनुमान को 6.5 प्रतिशत पर कायम रखा



**मुंबई ।** भारतीय रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष (2023-24) के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को 6.5 प्रतिशत पर कायम रखा है. हालांकि, केंद्रीय बैंक ने अपने मुद्रास्फीति के अनुमान को बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत से 5.4 प्रतिशत कर दिया है. टमाटर और अन्य सब्जियां महंगी होने की वजह से रिजर्व बैंक ने मुद्रास्फीति के अनुमान में बढ़ोतरी की है.

रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बृहस्पतिवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि घरेलू स्तर पर आर्थिक गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं. दास ने कहा कि खरीफ की बुवाई और ग्रामीण मांग में सुधार तथा सेवाओं में तेजी और उपभोक्ता भरोसा बढ़ने से परिवारों के उपभोग को समर्थन मिलेगा.

उन्होंने कहा, ''हालांकि, कमजोर वैश्विक मांग, वैश्विक वित्तीय बाजारों में अस्थिरता, भूराजनीतिक तनाव परिदृश्य के लिए जोखिम हैं.

इन सब कारकों को ध्यान में रखकर मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) का अनुमान है कि 2023-24 में वास्तविक जीडीपी वृद्धि 6.5 प्रतिशत रहेगी. पहली तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर आठ प्रतिशत, दूसरी में 6.5 प्रतिशत, तीसरी में 6 प्रतिशत और चौथी में 5.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है. अगले वित्त वर्ष यानी 2024-25 की पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है.

महंगाई के बारे में दास ने कहा कि टमाटर और अन्य सब्जियां महंगी होने से निकट भविष्य में मुख्य मुद्रास्फीति पर दबाव रहेगा. हालांकि, इसके साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि बाजार में नई फसल की आवक शुरू होने के साथ स्थिति में सुधार होगा.

उन्होंने कहा कि जुलाई में मानसून और खरीफ की बुवाई में उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिली है. गवर्नर ने आगाह करते हुए कहा कि बारिश के असमतल वितरण पर निगाह रखने की जरूरत है.

दास ने कहा कि 2023-24 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति 5.4 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है.

दूसरी तिमाही में मुद्रास्फीति 6.2 प्रतिशत, तीसरी में 5.7 प्रतिशत और चौथी में 5.2 प्रतिशत रहेगी. अगले वित्त वर्ष यानी 2024-25 की पहली तिमाही में खुदरा मुद्रास्फीति के 5.2 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है.

मई में खुदरा मुद्रास्फीति 4.3 प्रतिशत पर थी, जो जून में बढ़कर 4.8 प्रतिशत पर पहुंच गई. मुख्य रूप से खाने-पीने का सामान महंगा होने से खुदरा मुद्रास्फीति बढ़ी है.

# भारत में एवोकाडो, अंगूर, ब्लूबेरी, सोना निर्यात करने की संभावनाएं तलाश रहा है पेरू



**नई दिल्ली ।** भारत और पेरू के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत बहाल करने पर सहमति के साथ दक्षिण अमेरिकी देश भारत को एवोकाडो, अंगूर, ब्लूबेरी और सोना का निर्यात करने की संभावनाएं तलाश रहा है. पेरू की उप विदेश व्यापार मंत्री टेरेसा स्टेला मेरा गोमेज ने यहां यह बात कही. उन्होंने कहा कि भारत और पेरू की तकनीकी टीमें प्रस्तावित समझौते के तौर-तरीकों और दायरे पर बातचीत शुरू करने के लिए मिलेंगी.

दोनों देशों ने 2017 में एफटीए के लिए बातचीत शुरू की थी और कोविड महामारी के कारण प्रक्रिया बाधित होने से पहले अगस्त 2019 तक पांच दौर की वार्ता हुई थी.

गोमेज ने कहा कि हम एफटीए पर फिर से बात करने जा रहे हैं. महामारी के कारण कई चीजें बदल गईं हैं, इसलिए हम अतिरिक्त तौर-तरीकों की फिर से योजना बनाना चाहते हैं.

जब उनसे भारत में पेरू की व्यावसायिक रुचि के क्षेत्रों के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि पेरू की मुख्य रुचि एवोकाडो, अंगूर और ब्लूबेरी जैसे कृषि उत्पादों और सोना, तांबा और कैल्शियम फॉस्फेट जैसे प्राकृतिक संसाधनों के निर्यात में है.

उन्होंने कहा कि भारत में बेचे जाने वाले अधिकांश ब्लूबेरी पेरू से आते हैं.

## प्रत्यक्ष कर संग्रह चालू वित्त वर्ष में अबतक 15.73 प्रतिशत बढ़कर 6.53 लाख करोड़ रुपए

**नई दिल्ली ।** चालू वित्त वर्ष में 10 अगस्त तक कुल प्रत्यक्ष कर संग्रह सालाना आधार पर 15.73 प्रतिशत बढ़कर 6.53 लाख करोड़ रुपये रहा है. आयकर विभाग ने कहा कि 'रिफंड समायोजित करने के बाद शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 5.84 लाख करोड़ रुपये रहा है. यह पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 17.33 प्रतिशत अधिक है.

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने बयान में कहा, ''प्रत्यक्ष कर संग्रह का 10 अगस्त, 2023 तक का अस्थायी आंकड़ा बताता है कि कर संग्रह में अच्छी वृद्धि हुई है.

कर संग्रह वित्त वर्ष 2023-24 के प्रत्यक्ष कर संग्रह के बजटीय अनुमान का 32.03 प्रतिशत है.

चालू वित्त वर्ष में 10 अगस्त तक 69,000 करोड़ रुपये का 'रिफंड जारी किया गया है, जो पिछले साल की समान अवधि में लौटायी गयी राशि के मुकाबले 3.73 प्रतिशत अधिक है।

## मुकेश जिस तरह से प्रगति कर रहा है, उससे बहुत खुश हूं :भारतीय गेंदबाजी कोच



**लॉडेरहिल (फ्लोरिडा)।** भारतीय गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने कहा कि तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने सभी तीनों प्रारूपों में भारत के लिए खेलने की काबिलियत दिखायी है जिससे उनके कार्यभार का प्रबंधन इसके अनुसार ही किया जायेगा।

वेस्टइंडीज के दौरे पर इस तेज गेंदबाज को सभी तीनों प्रारूपों में पदार्पण का मौका मिला। फ्लोरिडा में चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच से पहले म्हाम्ब्रे ने मुकेश की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।

म्हाम्ब्रे ने कहा, वह जिस तरह से प्रगति कर रहा है, उससे बहुत खुश हूं। उसकी सोच, हमने उससे जो चर्चा की थी और खेल के प्रति उसका रवैया बहुत ही शानदार है।

उन्होंने कहा, आपको ऐसे ही खिलाड़ी की जरूरत है जो यहां एक दौरे पर आये, कड़ी प्रतिद्वंद्वी टीमों के खिलाफ अलग से विकेट पर खेले जो कभी भी आसान नहीं होता। लेकिन उसने जिस तरह की गेंदबाजी की है और जो जज्बा दिखाया है, उससे हम काफी खुश हैं।


म्हाम्ब्रे ने कहा, हम जानते हैं कि वह सभी तीनों प्रारूपों में खेलने की काबिलियत रखता है, लेकिन हमें उसके कार्यभार प्रबंधन में काफी स्मार्ट होना होगा। उसने काफी घरेलू क्रिकेट खेला है और अपनी गेंदबाजी में निखार किया।

कैरेबियाई सरजमीं की धीमी विकेट की तुलना करते हुए गेंदबाजी कोच को अमेरिका की पिच के बल्लेबाजों के मददगार होने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा, यह थोड़ी अलग है, यहां की मिट्टी काली है जैसी भारत के उत्तरी हिस्से की होती है। यह बल्लेबाजी के लिए अच्छा विकेट होने वाला है। गेंद सीधे बल्ले पर आयेगी। हमने नेट में यही देखा था। लगता है कि यह बड़े स्कोर वाला मैच होगा।

भारतीय टीम पांच मैचों की श्रृंखला में अब भी वेस्टइंडीज से 1-2 से पिछड़ रही है लेकिन म्हाम्ब्रे को टीम की वापसी का पूरा भरोसा है।

# घोटाले के प्रयासों को कम करने के लिए यूट्यूब शॉर्ट्स में हुआ बड़ा बदलाव




**सैन फ्रांसिस्को ।** स्पैम और घोटाले के प्रयासों को कम करने के लिए, गूगल के स्वामित्व वाले यूट्यूब ने घोषणा की है कि 31 अगस्त से शॉर्ट्स कमेंट्स और शॉर्ट्स डिस्क्रिप्शन में लिंक पर क्लिक नहीं किया जा सकेगा। प्लेटफॉर्म ने गुरुवार को एक सपोर्ट पेज पर कहा, 31 अगस्त 2023 से, शॉर्ट्स कमेंट्स, शॉर्ट्स डिस्क्रिप्शन और वर्टिकल लाइव फीड में लिंक पर क्लिक नहीं किया जा सकेगा, यह बदलाव धीरे-धीरे लागू होगा।

क्योंकि दुरुपयोग तेजी से बढ़ता जा रहा है, इसलिए हमें घोटालेबाजों और स्पैमर्स द्वारा लिंक के माध्यम से यूजर्स को गुमराह होने से बचाने के लिए निवारक उपाय किए हैं। इसमें यह भी मेंशन किया गया है कि सभी डेस्कटॉप चैनल बैनरों से क्लिक करने योग्य सोशल मीडिया आइकन अब दिखाई नहीं देंगे।

चूंकि लिंक क्रिएटर्स के लिए जानकारी साझा करने और अपने कम्युनिटीज को प्रोडक्ट्स/ब्रांडों की रिकमेंड करने का एक महत्वपूर्ण तरीका है, यूट्यूब ने महत्वपूर्ण लिंक प्रदर्शित करने के नए तरीकों की घोषणा की है। 23 अगस्त 2023 से, मोबाइल और डेस्कटॉप पर दर्शकों को 'सब्सक्राइब' बटन के पास क्रिएटर्स के चैनल प्रोफाइल पर लिंक दिखाई देने लगेंगे।

वीडियो-शेयरिंग प्लेटफॉर्म ने आगे बताया कि अगले महीने के अंत तक, यह क्रिएटर्स के लिए दर्शकों को शॉर्ट्स से उनकी अन्य यूट्यूब कंटेंट पर निर्देशित करने का एक सुरक्षित तरीका पेश करना शुरू कर देगा।

मंगलवार को, गूगल के स्वामित्व वाले प्लेटफ़ॉर्म ने नए 'फॉर यू' सेक्शन की टेस्टिंग शुरू कर दी, जो चैनल के होमपेज को इंडिविजुअल व्यूअर्स के लिए अधिक पर्सनलाइज़ बना देगा और उनके द्वारा पहले से देखे गए वीडियो के आधार पर उस चैनल से कई कंटेंट टाइप्स के मिक्सअप को रिकमेंड भी करेगा।

## बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने कर्ज पर ब्याज दरें बढ़ाईं, लोन होगा महंगा बढ़ेगी इएमआई



**नई दिल्ली ।** बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) और केनरा बैंक समेत सार्वजनिक क्षेत्र के कई बैंकों ने कोष की सीमान्त लागत आधारित (एमसीएलआर) ऋण दर में 0.10 प्रतिशत तक की वृद्धि की है. भारतीय रिजर्व बैंक ने पेश अपनी मौद्रिक नीति समीक्षा में प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 6.50 प्रतिशत पर यथावत रखा है, इसके बावजूद सार्वजनिक क्षेत्र के विभिन्न बैंकों ने एमसीएलआर में बढ़ोतरी की घोषणा की है.

बैंकों के इस कदम से एमसीएलआर से जुड़ी मासिक किस्त (ईएमआई) बढ़ जाएगी. बीओबी ने शेयर बाजार को बताया कि एक साल की एमसीएलआर को संशोधित कर 8.70 प्रतिशत किया गया है. यह अभी 8.65 प्रतिशत है. नई दरें 12 अगस्त से प्रभावी होंगी.

केनरा बैंक ने भी एमसीएलआर में 0.05 प्रतिशत की वृद्धि की है. यह अब बढ़कर 8.70 प्रतिशत हो गई है. नई दर 12 अगस्त से प्रभावी होगी.

सार्वजनिक क्षेत्र के एक अन्य ऋणदाता बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने एमसीएलआर में 0.10 प्रतिशत की वृद्धि की है. बीओएम ने शेयर बाजार को बताया, इसके साथ ही एक साल की एमसीएलआर 8.50 प्रतिशत से बढ़कर 8.60 प्रतिशत हो गई है. संशोधित दरें 10 अगस्त से प्रभावी हैं.

## आज का राशिफल

***मेष:*** आज के दिन आप ऊर्जावान रहेंगे। व्यापार से रिलेटेड नई योजनाएं बना सकते हैं, जिससे आपकी आय के स्रोत खुलेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति में काफी सुधार होगा। निवेश करने के लिए अच्छा समय है यात्रा पर जाने के योग हैं।

***वृष:*** आपके लिए आज का दिन खुशनुमा रहेगा। आपको कुछ नए लोगों से मिलने का अवसर मिलेगा। आपको कोई नया प्रोजेक्ट मिलने के योग हैं। जिससे आपके प्रगति के रास्ते खुलेंगे।

***मिथुन:*** आज आपका दिन लकी रहेगा। आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। इस दौरान आप केवल भाग्य के भरोसे न बैठकर अच्छी मेहनत करेंगे। नौकरी में अच्छी सफलता मिलेगी।

***कर्क:*** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बिताएंगे। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। आपके व्यवसाय में लाभ मिलेगा। आय के साधन बढ़ेंगे। व्यापार से जुड़ी यात्रा फायदेमंद रहेगी।

***सिंह :*** आज आपका हर काम सफलतापूर्वक संपन्न होगा। व्यावसायिक योजनाएं पूरी होंगी। कार्यस्थल पर आज ज्यादा काम होने की संभावना है। सहकर्मियों के बीच आपका प्रभाव बढ़ेगा। आपकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी।

***कन्या:*** आज आपका दिन लकी रहेगा। दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा,जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा और आप दोनों के बीच आपसी रिश्ते और अच्छे होंगे। आप दोनों की रूचि धर्म-कर्म के कार्यों में बढ़ेगी। नई नौकरी मिलने की संभावना है।

***तुला:*** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपके द्वारा बनाई गई योजना कारगर साबित होगी। अच्छा धन अर्जित करने में सफल होंगे। किसी तरह का निवेश करने से पहले अपने बड़ों से सलाह अवश्य लेंगे।

***वृश्चिक:*** आज आपका दिन आनंद से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में चीजें आपके अनुकूल रहेंगी। घर में किसी नए मेहमान के आने की संभावना है। व्यापार में लाभ होगा। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। आपकी आर्थिक स्थिति में बड़े सुधार के योग हैं।

***धनु:*** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आप नौकरीपेशा हैं तो कार्यस्थल पर आपकी स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। आपकी पदोन्नति के साथ आपका कार्यभार भी बढ़ेगा। आपको आमदनी के बेहतर अवसर मिलने के योग हैं।

***मकर :*** आपके लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आपके व्यवसाय में विस्तार के साथ आय के स्रोत विकसित होंगे। मैनेजमेंट की पढ़ाई करने वाले छात्रों को आज कोई नई खबर मिल सकती है।

***कुंभ:*** आज का दिन आपके लिए फायदेमंद रहेगा। कार्यस्थल पर सहकर्मियों के साथ आपका अच्छा बर्ताव आपकी सफलता में सहायक होगा। पदोन्नति के योग बनेंगे। आप स्वयं को ऊर्जावान महसूस करेंगे।

***मीन:*** आपके लिए दिन खास रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप अपने अनुभव से अच्छी सफलता हासिल करेंगे। आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। पदोन्नति के योग बनेंगे। संगीत की शिक्षा ले रहे छात्रों को नए अवसर मिलेंगे।

## क्या है प्रधानमंत्री जीवनज्योति बीमा योजना




**नई दिल्ली ।** हर आदमी को अपने परिवार के लिए बीमा योजना लेनी चाहिए. समय पर कब क्या आन पड़े इसे कोई नहीं जानता. इसलिए यह आवश्यक हो जाता है कि किसी न किसी प्रकार की बीमा पॉलिसी ले ली जाए. बीमा पॉलिसी कई बार काफी महंगी होती है. इसी दिक्कत को दूर करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से एक योजना लाई गई.

प्रधानमंत्री जीवनज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) योजना. प्रधानमंत्री जीवनज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) एक सरकारी जीवन बीमा योजना है जो भारत सरकार द्वारा प्रदान की जाती है. यह योजना देशभर में गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने का उद्देश्य से इस योजना को लागू किया गया. इस योजना के तहत भारतीय नागरिकों को नियमित और निवेशित प्रीमियम दर पर जीवन बीमा कवर प्रदान किया जाता है.

### प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना 18 से 50 वर्ष के आयु समूह वाले उन व्यक्तियों के लिए उपलब्ध है जिनके पास एक बैंक खाता हो और जो इस योजना से जुड़ने/अपने खाते से ऑटो-डेबिट के लिए सहमति देते हैं. इस योजना के तहत 2 लाख रुपये का जीवन सुरक्षा 1 जून से 31 मई तक की एक वर्ष की समयावधि के लिए होता है और यह नवीकरणीय है. इस योजना के तहत, किसी भी कारणवश बीमाकृत व्यक्ति के मृत्यु के मामले में जोखिम सुरक्षा 2 लाख रुपये है. प्रीमियम की राशि प्रति वर्ष 436 रुपये है जिसे बीमाधारक के द्वारा दिए गए विकल्प् के अनुसार बैंक खाते से एक किश्त में ही प्रत्येक वार्षिक सुरक्षा समयावधि पर योजना के तहत 31 मई को या उससे पहले ऑटो-डेबिट किया जाता है. बता दें कि पहले प्रीमियम की राशि कम थी जो अब थोड़ी बढ़ गई है.

### पीएमजेजेबीवाई की कुछ खास बाते हैं -

ये योजना सरल और सुविधाजनक है. इस योजना का लाभ लेने के लिए नागरिकों को अपने निकटतम बैंक खाते के माध्यम से इस योजना में पंजीकरण कराना होता है. बैंक के माध्यम से योजना का लाभ सीधे मिलता है. किसी बीमा कंपनी के पास जाने की जरूरत नहीं होती है.

### मृत्यु उपरांत बीमा राशि का भुगतान:

पीएमजेजेबीवाई योजना के अंतर्गत यदि किसी भी बीमाधारक की मृत्यु हो जाती है, तो उसके परिवार को निर्धारित बीमा राशि प्रदान की जाती है. सबसे अच्छी बात यह राशि परिवार की आर्थिक सहायता करने में मदद करती है.

### कम प्रीमियम होता है:

पीएमजेजेबीवाई सरकारी योजना है. इसमें न्यूनतम प्रीमियम दरें निर्धारित की गई हैं. इसलिए यह सभी लोगों के लिए आसानी से उपलब्ध हो जाती है.

## रजनीकांत की जेलर इस साल पहले दिन सबसे ज्यादा कमाई वाली तीसरी फिल्म बनी




सुपरस्टार रजनीकांत की जेलर ने 10 अगस्त को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटा दिया है। इस फिल्म को समीक्षकों के अलावा दर्शकों की ओर से भी अच्छी प्रतिक्रियाएं मिल रही है।जेलर का निर्देशन नेल्सन दिलीप कुमार ने किया है। अब फिल्म के पहले दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े सामने आ गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, जेलर ने रिलीज के पहले दिन 43.5 करोड़ रुपये का कारोबार किया है।

फिल्म ने तमिल में 35.5 करोड़, तेलुगू में 7.55 करोड़ और हिंदी में 25 लाख रुपये कमाए। जेलर ने रिलीज होते ही कई रिकॉर्ड तोडे हैं। यह 2023 में तमिलनाडु में सबसे बड़ी ओपनिंग करने वाली फिल्म बन गई है। ओपनिंग के मामले में जेलर केरल में भी 2023 में सबसे ज्यादा कमाई वाली फिल्म बन गई है। जेलर शाहरुख खान की पठान और प्रभास की आदिपुरुष के बाद 2023 की सबसे बड़ी ओपनिंग करने वाली तीसरी फिल्म बनी है।

## शब्द सामर्थ्य- 154

**बाएं से दाएं**
1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**
1. विचित्र, अद्‌भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 153 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

## सू-दोकू- 154

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.153 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |